# 23 राजस्थान भाषा व बोलियाँ

1. **किस बोली को 'भीलों की बोली' कहा जाता है?**
(1) ढूंढाड़ी (2) मालवी
(3) अहीरवाटी (4) वागड़ी (4)

**व्याख्या–** जॉर्ज अब्राहम ग्रिर्यसन ने इसे 'भीली' बोली कहा है, यह मुख्यतः बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़ व सिरोही में बोली जाती है।

2. **मालवी बोली कहाँ बोली जाती है?**
(1) झालावाड़, प्रतापगढ़, कोटा,
(2) प्रतापगढ़, बूँदी, कोटा
(3) बूँदी, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा
(4) भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसंमद (1)

3. **अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है?**
(1) 21 मार्च (2) 21 फरवरी
(3) 22 अप्रैल (4) 14 सितम्बर (2)

4. **राजस्थान के दक्षिणी पूर्वी भाग में किस बोली का प्रचलन है?**
(1) हाड़ौती (2) बागड़ी
(3) नागरचोल (4) मेवाती (1)

**व्याख्या–** हाड़ौती बोली कोटा,बूँदी,बारां,झालावाड़ में बोली जाती है। इसका निर्माण मेवाड़ी और गुजराती भाषाओं के मिश्रण से हुआ है। वर्तनी की दृष्टि से राजस्थानी की सभी बोलियों में सबसे कठिन मानी जाती है। हाड़ौती बोली में लिखित साहित्य बहुत कम उपलब्ध है।

5. **बोली व उनसे संबंधित कौनसा युग्म गलत है?**
(1) जगरौती– करौली (2) ढ़ाटी– जालौर
(3) नागरचोल– टोंक (4) धावड़ी– उदयपुर (2)

**व्याख्या–** ढ़ाटी बोली बाड़मेर क्षेत्र की बोली है, यह मारवाड़ी की उपबोली है।

6. **निमाड़ी व रांगड़ी किस बोली की उपबोली है?**
(1) मेवाती (2) मालवी
(3) हाड़ौती (4) अहीरवाटी (2)

**व्याख्या–** मालवी की उपबोलियाँ– निमाड़ी, रांगड़ी, सोडवाड़ी, पाटवी, रतलामी व उमठवाटी हैं।

7. **राजस्थानी बोलियों का सर्वप्रथम वर्गीकरण करने वाले विद्वान थे?**
(1) कर्नल जेम्स टॉड (2) एल. पी टेस्सीतोरी
(3) जार्ज ग्रियर्सन (4) मोतीलाल मेनारिया (3)

**व्याख्या–** जॉर्ज अब्राहम ग्रिर्यसन ने 1912 में अपनी पुस्तक 'लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंण्डिया' में राजस्थानी बोलियों का वर्गीकरण 5 भागों में किया है।

8. **राजस्थानी भाषा दिवस कब मनाया जाता है?**
(1) 14 सितम्बर (2) 21 फरवरी
(3) 11 जनवरी (4) 24 मार्च (2)

9. **निम्नलिखित में से कौन सी बोली मारवाड़ी और मालवी का मिश्रण मानी जाती है?**
(1) वागड़ी (2) रांगड़ी
(3) मेवाड़ी (4) निमाड़ी (2)

10. **निम्नलिखित में से कौनसी ढूँढ़ाड़ी की उपबोली नहीं है?**
(1) नागर चोल (2) राठी
(3) राजावाटी (4) तोरावाटी (2)

**व्याख्या–** अहीरवाटी या राठी मेवाती की उपबोली है।

11. **ढूँढाड़ी बोली के प्रचलित विविध रूपों में निम्न में से कौन सा सही नहीं है?**
(1) किशनगढ़ी (2) काठेड़ी
(3) चौरासी (4) खैराड़ी (4)

**व्याख्या–** खैराड़ी मारवाड़ी की उपबोली है।

12. **राजस्थानी भाषा का सही विकास क्रम है–**
(1) पाली, गुर्जरी अपभ्रंश, शोरसैनी, राजस्थानी
(2) पाली, शोरसैनी, गुर्जरी अपभ्रंश, राजस्थानी
(3) शोरसैनी, पाली, गुर्जरी अपभ्रंश, राजस्थानी
(4) शोरसैनी, गुर्जरी अपभ्रंश, पाली, राजस्थानी (2)

13. **मारवाड़ी भाषा की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है?**
(1) महाराष्ट्री अपभ्रंश (2) गुर्जरी अपभ्रंश
(3) नागार अपभ्रंश (4) सौरसेन अपभ्रंश (2)

14. **निम्न में से राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति के बारे में असत्य कथन है?**
(1) जॉर्ज ग्रियर्सन – नागर अपभ्रंश
(2) मोतीलाल मेनारिया– गुर्जरी अपभ्रंश
(3) एल.पी. टैस्सीटोरी– शौरसैनी अपभ्रंश
(4) पुरुषोत्तम लाल मेनारिया– गुर्जरी अपभ्रंश (4)

**व्याख्या–** पुरुषोतम लाल मेनारिया के अनुसार राजस्थानी भाषा का उद्‌गम नागर अपभ्रंश से हुआ है।

15. **निम्न में से राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति के बारे में असत्य कथन है–**
(1) पुरुषोत्तम लाल मेनारिया– नागर अपभ्रंश
(2) के.एम.मुंशी– गुर्जरी अपभ्रंश
(3) महावीर प्रसाद शर्मा– शौरसैनी अपभ्रंश
(4) जॉर्ज ग्रियर्सन– गुर्जरी अपभ्रंश (4)

**व्याख्या–** जॉर्ज ग्रियर्सन ने राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति नागर अपभ्रंश से मानी है।

16. **पूर्वी राजस्थान के मध्य पूर्व भाग की प्रधान बोली है?**
(1) मेवाती (2) मालवी
(3) ढूँढाणी (ढूँढाड़ी) (4) मारवाड़ी (3)

**व्याख्या–** ढूँढाड़ी बोली पूर्वी राजस्थान में विशेषकर जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दूदू, कोटपुतली, अलवर, दौसा, व किशनगढ़ (अजमेर) में बोली जाती है।

17. **आठवीं शताब्दी के 'कुवलयमाला' नामक ग्रंथ में भारत की 18 देशी भाषाओं में मारवाड़ की भाषा किस नाम से व्यक्त की गई है?**
(1) मरुवाणी (2) मारवाड़ी
(3) ढूंढाड़ी (4) राजस्थानी (1)

18. **जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने राजस्थानी बोलियाँ का सर्वप्रथम वर्गीकरण अपनी किस पुस्तक में किया है?**
(1) एशियन ऐन्टिक्वेरी (2) इंडियन ऐन्टिक्वेरी
(3) लिंग्विस्टक सर्वे ऑफ एशिया (4) लिंग्विस्टक सर्वे ऑफ इंडिया (4)

19. **चरणदास जी, लालदासजी, सहजोबाई व दयाबाई के साहित्यों की भाषा है?**
(1) मेवाती (2) राठी
(3) रागड़ी (4) निमाड़ी (1)

20. **राजस्थानी भाषा का पहला माने जाने वाला नाटक किसने लिखा?**
(1) मोतीलाल मेनारिया (2) शिवचन्द्र भरतिया
(3) महावीर प्रसाद (4) के.एम. मुंशी (2)

**व्याख्या–** शिवचन्द्र भरतिया द्वारा रचित 'केसर विलास' नाटक को राजस्थानी भाषा का प्रथम नाटक माना जाता है।

21. **भारतीय भाषाओं में राजस्थानी भाषा का कौनसा स्थान है?**
(1) 22वाँ (2) 18वाँ
(3) 8वाँ (4) 7वाँ (4)

22. **निम्न में से पिंगल शैली में लिखा हुआ ग्रंथ नहीं है?**
(1) पृथ्वीराज रासो (2) विजयपाल रासो
(3) राव जैतसी रो छंद (4) वंश भास्कर (3)

**व्याख्या–** राव जैतसी रो छंद डिंगल शैली में लिखा गया है।

23. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) मीरां के अधिकांश पद मारवाड़ी बोली में है।
(2) महाराणा कुम्भा की रचनाएँ मेवाड़ी बोली में है।
(3) दयाबाई व सहजोबाई का साहित्य मेवाती बोली में है।
(4) अली बक्शी ख्याल खैराड़ी बोली में है। (4)

**व्याख्या–** अलीबक्शी ख्याल अहीरवाटी बोली में है।

24. **इन्द्रगढ़ (बूँदी) व शाहबाद, किशनगंज (बारां) में बोली जाने वाली बोली है?**
(1) मेवाती (2) हाड़ौती
(3) राजावाटी (4) मालखैराड़ी (2)

25. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) काठेड़ी बोली–जयपुर के दक्षिणी भाग में
(2) चौरासी बोली–जयपुर के दक्षिण पश्चिम व टोंक के पश्चिमी भाग में
(3) राजावाटी बोली– जयपुर के पूर्वी भाग में
(4) तोरावाटी– जयपुर के दक्षिणी भाग में (4)

**व्याख्या–** तोरावाटी बोली झुंझुनुं जिले के दक्षिणी भाग, सीकर जिले के पूर्वी भाग व जयपुर जिले के उत्तरी भाग में बोली जाती है।

26. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) मालवी बोली मुख्यतः प्रतापगढ़, झालावाड़ में बोली जाती है।
(2) रागड़ी बोली मालवा क्षेत्र में बोली जाती है।
(3) ब्रज बोली भरतपुर, धौलपुर में बोली जाती है।
(4) झाड़शाही बोली झालावाड़ में बोली जाती है। (4)

**व्याख्या–** झाड़शाही/जयपुरी/ढूंढाड़ी बोली मुख्यतः जयपुर, अलवर, दौसा व किशनगढ़ में बोली जाती है।

27. **(बोली व जिला) निम्नलिखित युग्म में से असत्य को चुनिए –**
(1) बागड़ी – हनुमानगढ़
(2) जगरोती – करौली
(3) धावड़ी – उदयपुर
(4) गोड़वाड़ी – अलवर (4)

व्याख्या– गोड़वाड़ी सिरोही जिले में बोली जाती है।


28. **ग्रियर्सन ने बागड़ (डूँगरपुर-बाँसवाड़ा) में बोली जाने वाली बोली को कहा है?**
(1) भीली (2) रांगड़ी
(3) मेवाड़ी (4) निमाड़ी (1)


29. **खेराड़ी बोली किस क्षेत्र में प्रचलित है?**
(1) जयपुर-दौसा (2) राजसमंद-चितौड़
(3) दौसा- करौली (4) टोंक-भीलवाड़ा (4)


30. **निम्नलिखित बोलियों में से कौन-सी ढुंढाड़ी की उपबोली नहीं है?**
(1) चौरासी (2) अहीरवाटी
(3) नागरचोल (4) काठेड़ी (2)

Dhindhwal Publication Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।